हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 12 अगस्त 2025

11 श्रीमद्भागवत गीता व्यक्ति को जोड़ती है दायित्वों ...



12 पहले दिन खो-खो में बवानी खेड़ा प्रथम कुश्ती में ...



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन तिथि बढ़ी

**चरखी दादरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए पोर्टल पर 15 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई थी।

### सुंगरपुर में बाबा शाहजी का भव्य मेला 22 को

**तोशाम।** गांव सुंगरपुर में आगामी 22 अगस्त को बाबा शाहजी मेला समिति सुंगरपुर द्वारा भव्य मेला तथा इनामी सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित करवाई जाएगी, वहीं 21 अगस्त को रात्रि में सत्संग का आयोजन होगा जिसमें राजस्थान की प्रसिद्ध गायिका प्रीति चौधरी एंड पार्टी सहित अनेक गायक कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इनामी सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम इनाम 1 लाख तथा द्वितीय इनाम 71 हजार रुपए की नगद राशि रहेगी। वहीं बेस्ट कैचर तथा बेस्ट रेडर को भी 5100 रुपए की नगद राशि से सम्मानित किया जाएगा।

### बवानी खेड़ा में पेयजल व्यवस्था चरमराई

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में पीने के पानी की समस्या इस कद्र छाई है जिसको ब्यां करना बड़ा मुश्किल है। एक तरफ शहर में जहां बरसाती पानी निकल नहीं रहा वहीं पीने का पानी आ नहीं रहा जिसको लेकर शहरवासी के हलख सूखे हुए हैं। नरेन्द्र कुमार, मोहन लाल, रमेश कुमार, सुमित्रा, सुशीला आदि ने बताया कि एक-एक सप्ताह तक पीने का पानी नहीं आ रहा है। विभाग के कनिष्ट अभियंता से लेकर कीमैन तक फोन उठाना नहीं उठाते।

### पात्रता प्रमाण पत्र कल वितरित किए जाएंगे

**चरखी दादरी।** प्रजापति समाज के परिवारों को पात्रता प्रमाण पत्र वितरित करने के लिए समारोह का आयोजन किया जाएगा। पात्र परिवारों को प्रमाणपत्र वितरित करने के लिए बुधवार 13 अगस्त को सुबह 10 बजे लघु सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा से सांसद धर्मवीर सिंह मुख्यतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और प्रमाण पत्र वितरित करेंगे।

### नपा व स्वास्थ्य विभाग ने करवाई फोगिंग



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में चारों तरफ बरसाती व सीवरेज का पानी दिखाई देता है जिसके कारण मच्छर व मक्खियों के कारण लोगों का बैठना, उठना दुभर हो गया है। वहीं नगर पालिका व स्वास्थ्य विभाग द्वारा रात्रि के समय फोगिंग करवाई गई। ताकि बीमारी न फैले। शहरवासियों ने विभागों की सराहना भी की। वहीं शहरवासियों ने बताया कि एक बार फॉगिंग करने से काम नहीं चलेगा।

# विक्टोरिया लैम्प की रोशनी से नहाएंगे शहर के सभी प्रवेश मार्ग : विधायक

## चिड़ियाघर रोड पर बनेगी साइकिल व जोकिंग ट्रैक: भवानी, सौंदर्यीकरण पर खर्च होंगे ढाई करोड़

■ छोटी कांशी के भाग्य जागै, स्वच्छता को पंख लाग्यै

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अब शहर की गली,सड़कों ही नहीं प्रवेश द्वारों के दिन फिरने वाले है। शहर के सभी प्रवेश द्वारों पर हरियाली के साथ-साथ दोनों तरफ बेहतरी फुटपाथ व राजस्थानी पत्थरों के तराशे गए गमले नजर आएंगे। जो कि शहर की स्वच्छता व सुंदरता को पंख लगाने में सहयोगी होंगे। इसी कड़ी में सोमवार को विधायक घनश्याम सर्राफ व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने नारियल फोड़कर हांसी रोड (प्रवेश मार्ग) के सौंदर्यकरण के कार्य का शुभारंभ करवाया। यह सारा कार्य नगरपरिषद द्वारा करवाया जा रहा है। इसी क्रम में बासिया भवन हांसी गेट से लेकर जुई नहर तक की सड़क के दोनों तरफ पैदल चलने के लिए फुटपाथ बनवाए जाएंगे, डिवाडर पर पाम के पौधे व फूलदार पौधे तथा रोशनी के लिए विक्टोरिया लैम्प लगवाए जाएंगे।



**भिवानी।** नारियल फोड़कर प्रवेश मार्ग हांसी रोड के सौंदर्यकरण के कार्य का शुभारंभ करवाते विधायक घनश्याम सर्राफ

उक्त सभी कार्यो का शुभारंभ आज विधायक घनश्याम सर्राफ व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने करवाया। उक्त कार्य पर करीब ढाई करोड़ रुपये की लागत आएगी। उसके बाद शहर की स्चच्छता को पंख लग जाएंगे। इस मार्ग के सौंदर्यकरण का कार्य पूरा होने के बाद फिर लोहारू रोड, महम रोड, रोहतक रोड के अलावा अन्य छोटे बड़े सभी प्रवेश मार्गो के सौंदर्यकरण का कार्य शुरू करवाया जाएगा। ताकि बाहर से आने वाले को भिवानी शहर एक अच्छे व स्वच्छ शहर के रूप में नजर आए। इस मौके पर वाईस चेयरमैन प्रतिनिधि संदीप सिंह, पार्षद सुभाष तंवर, पार्षद संदीप यादव, पार्षद सूर्या तंवर, पूर्व पार्षद अशोक के अलावा अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

### पैसे की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी:सर्राफ

विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि शहर के प्रवेश मार्गो के सौंदर्यकरण का कार्य नगरपरिषद द्वारा करवाया जा रहा है। जिस पर करीब ढाई करोड़ रुपये की लागत आएगी। सड़क के दोनों तरफ अच्छे फुटपाथ तैयार होंगे। ताकि लोगों को पैदल चलने में कोई परेशानी न हो पाए। शहर के सभी प्रवेश मार्गो का सौंदयकरण करवाया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि शहर के सौंदर्यकरण में पैसे की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। अगर जरूरत पड़ी तो शहर के विकास के लिए पैसा दिलाया जाएगा। पहली बार उक्त मार्ग पर विक्टोरिया लैम्प लगवाए जाएंगे।

### डिवाडर पर लगेंगे पौधे

नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार को हांसी रोड के सौंदर्यकरण का कार्य शुरू करवाया गया है। इस कड़ी में सड़क के दोनों तरफ फुटपाथ बनवाए जांएगे। इनके अलावा डिवाडर पर फुलदार पौधे लगवाने तथा अलग तरह की लाइटें लगवाए जाने की योजना है। इनके अलावा चौक चौराहों के अलावा फुटपाथों पर भी राजस्थानी पत्थरों को तराश कर गमले तैयार करवाए जाएंगे। जिनमें विभिन्न प्रकार के फूलदार पौधे रोपित होंगे। शहर के सभी प्रवेश मार्गो का इसी तरह से सौंदर्यकरण करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि चिडियाघर रोड पर साइकिल ट्रैक व जोकिगं ट्रैक बनवाया जाएगा। चूंकि इसी मार्ग पर अनेक खिलाड़ी व अन्य लोग सुबह घुमने के लिए जाते है। इसी दौरान अनेक वाहन तेज गति से चलते है। जिनकी वजह से हादसा होने की आशंका बनी रहती है। अगर जोकिंग व साइकलिंग ट्रैक अलग हो जाएंगे तो इस तरह की घटनाओं पर विराम लगने की संभावना बन जाएगी।





**भिवानी।** यूरिया खाद को लेकर महिलाओं को संबोधित करते मोर्चा के अध्यक्ष।

# बवानीखेड़ा में यूरिया खाद के लिए मारामारी, लौटना पड़ा खाली हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा जागृति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राजेश सिंधू ने कहा कि बवानीखेड़ा में यूरिया खाद को लेकर जबरदस्त किल्लत बनी है। महिला व पुरुष सुबह ही पैक्स सोसायटी के आगे लाइनों में खड़े हो जाते है। कई बार तो घंटो लाइनों में खड़े होने के बावजूद उनको खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि अगर इस वक्त फसलों में यूरिया खाद नहीं डाली गई तो खरीफ फसलों की औसतन पैदावार घटना लाजिमी है। उन्होंने बताया कि सरकार जानबूझकर खाद की समस्या से निजात नहीं दिलाना चाहती। उन्होंने सरकार से बवानीखेड़ा के किसानों के लिए पर्याप्त यूरिया खाद का स्टॉक भेजे जाने की मांग की। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि अगर खाद की कमी पूरी नहीं की गई तो वे सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

## हसान गांव में राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

**बहल।** क्षेत्र के गांव हसान में राष्ट्रीय पक्षी मोर का शिकार किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों ने मामले की सूचना जिला वन्य जीव रक्षक टीम को दी, जिस पर टीम ने मौके पर जाने के बाद मृत मोर को कब्जे में लिया और बहल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने वन्य टीम अधिकारियों के बयान पर दो शिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस अधिकारी गंगाराम ने बताया कि प्रथम दृष्टया आरोपियों ने मोर का शिकार किया है जो कि वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध है। मामले के अनुसार, बहल पुलिस को वन्य जीव रक्षक अधिकारी जयकुमार से सूचना मिली कि हसान गांव में मोर का शिकार किया गया है। शिकार करने के आरोप में दो संद्धिग्ध व्यक्तियों को ग्रामीणों ने पकड़ रखा है। वहीं, मृत मोर भी मौके पर मौजूद है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृत मोर को अपने कब्जे में लिया और वीएलडीए आशीष को बुलाकर मोर का पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस ने ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने मोर का शिकार कर वन्य प्राणी सरंक्षण अधिनियम का उल्लंघन किया है और यह वन्य जीव अधिनियम के तहत अपराध है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को मिला अंतिम रूप

■ परेड में पुलिस, एनसीसी, स्काउट-गाइड और विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी भाग लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़डा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय मुख्य समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को एसडीएम कार्यालय बाढ़डा में बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता उपमंडल अधिकारी (नागरिक) योगेश सैनी, आईएएस ने की। बैठक में एसडीएम योगेश सैनी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे लिए गर्व और सम्मान का अवसर है, इसलिए इस कार्यक्रम को भव्य, अनुशासित एवं यादगार बनाने में सभी विभाग पूरी निष्ठा से अपना योगदान दें। एसडीएम ने साफ निर्देश दिए कि समारोह स्थल पर सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और आपातकालीन चिकित्सा सुविधा जैसी सभी व्यवस्थाएं समय से पहले सुनिश्चित की जाएं। बैठक में यह भी तय किया गया कि परेड में पुलिस, एनसीसी, स्काउट-गाइड और विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। ध्वजारोहण के पश्चात सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक के बाद एसडीएम योगेश सैनी ने समारोह स्थल का स्वयं निरीक्षण किया। उन्होंने मंच, ध्वजारोहण स्थल, वीआईपी गैलरी, दर्शक दीर्घा और पार्किंग क्षेत्र का बारीकी से जायजा लिया।

# कमेटी ने सात सांस्कृतिक टीमों का किया चयन

■ कल नई अनाजमंडी में होगा अंतिम पूर्वाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

दादरी शहर के चिड़िया मोड़ स्थित नई अनाज मंडी परिसर में 13 अगस्त को मनाए जाने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए केएन स्कूल में सांस्कृतिक टीमों का चयन किया गया।

उपायुक्त द्वारा गठित कमेटी ने एसडीएम योगेश सैनी की अध्यक्षता में सात टीमों का चयन किया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के चयन के लिए चयन समिति ने टीमों का प्रदर्शन देखा। एसडीएम ने कहा कि सांस्कृतिक प्रस्तुति किसी भी कार्यक्रम में जान फूंकने का कार्य करती हैं, जिसमें विद्यार्थियों की भागीदारी अहम है। पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए आठ टीमों ने भागीदारी की, जिनमें से सात टीमों का चयन कर लिया गया है। डीआईपीआरओ संदीप कुमार ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए लगभग 50 मिनट का समय रखा गया है।



सोमवार को पीएमश्री राजकीय कन्या वमा विद्यालय चरखी दादरी, राजकीय कन्या वमा विद्यालय एवं कन्या उच्च विद्यालय समसपुर, एसवीएम कादमा, विजन इंडिया स्कूल भागेश्वरी, कैप्टन जिले सिंह स्कूल बरसाना, एमडी कांवेंट झोझू स्कूल और आरईडी स्कूल चरखी की टीम का चयन किया गया। ये सभी टीमें 13 अगस्त को अंतिम पूर्वाभ्यास और 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह में अपनी प्रस्तुतियां देंगी।

# पानी से बर्बाद फसलों का मुआवजा मिले: फौजी

■ पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी ने आधा दर्जन बारिश प्रभावित गांवों का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सोमवार को पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी ने गांव पुर सहित आधा दर्जन बारिश के जमा पानी से प्रभावित गांवों का दौरा किया। पीड़ित किसान व ग्रामीणों से बातचीत की।

साथ ही उन्होंने सरकार से किसानों के खेतों में जमा बारिश के पानी अति शीघ्र निकासी करवाए जाने, विशेष गिरदावरी करवाकर 50 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। किसानों ने बताया कि उनके खेतों में कहीं पर तीन तो कहीं पर चार फुट तक बारिश का पानी जमा है। जिस वजह से उनकी फसल गलने लगी है। धान की फसल भी पूरी तरह से पानी में डूब गई है। पूर्व सीपीएस श्री फौजी ने सरकार से मांग की कि उनकी फसलों की विशेष गिरदावरी करवा कर उनको उचित मुआवजा दिलाया जाए। क्योंकि किसानों के पास तो केवल खेती से ही परिवार के पालन व पोषण का साधन है। अगर खरीफ की फसल पूरी तरह से पानी में डूब गई और खातमे की कगार पर है। उन्होंने खेती से होने वाली आय पर ही अनेक कार्य करने की योजना तय की हुई थी। अब केवल सरकार ही उनको मुआवजा आदि दिलाकर राहत की मलहम लगा सकती है। दूसरी तरफ उन्होंने बताया कि खेतों के साथ साथ पानी रिहायशी क्षेत्र में भी जमा हो गया है। जिस वजह से अनेक मकानों में दरार व फर्श दरकने लगे है।



**भिवानी।** बारिश के जमा पानी का जायजा लेते पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी। फोटो : हरिभूमि



## किसान के खेत में जमा बारिश का पानी, कपास की फसल में नुकसान

**बवानीखेड़ा।** बलियाली में किसान के खेत में कपास की फसल बारिश के पानी जमा होने से नष्ट हो गई जिससे उसे हजारों का नुकसान हो गया। किसान ने अपनी आधी फसल को ट्रैक्टर से नष्ट करवा दिया। जानकारी देते हुए प्रवीण पाहवा ने बताया कि उसकी 3 किले बारिश की भेज चढ़ गई जिसमें उसके द्वारा आधी फसल में ट्रैक्टर चलवा दिया और बाकि की फसल भी जलकर नष्ट हो गई जिससे उसे हजारों रूपयो का नुकसान हो गया। किसान ने सरकार से उचित मुआवजे की गुहार लगाई।

## ग्राम दर्शन पोर्टल के जरिये सरकार को बताएं मन की बात : एसडीएम



**तोशाम।** एसडीएम रवि मीणा आईएएस ने उपमंडल सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कि वे अपने विभाग से संबंधित कार्यों की प्राथमिकताएं तय करें। उन्होंने बताया कि सरकार की प्राथमिकता लोगों की शिकायतों का निवारण करना है। इसी कडी में आम जनता की सुविधा के लिए सप्ताह में प्रत्येक सोमवार और वीरवार को प्रातः10 से 12 बजे तक जिला और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं। वहीं आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली के जरिये तथा जन संवाद कार्यक्रमों में भी जनता की समस्याओं का त्वरित कार्यवाही समाधान किया जा रहा है। मीणाने कहा कि ग्राम दर्शन पोर्टल के जरिये सरकार को मन की बात बताएं। ग्रामीण अंचल के निवासी अब सरकार को विकास कार्यो संबंधी मांग, शिकायत और सुझाव सीधे ऑनलाइन माध्यम से दे सकेंगे। सरकार द्वारा इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया गया है। एसडीएम ने कहा कि सरकार की यह बहुत ही अनूठी ग्राम दर्शन पोर्टल पारदर्शी और जवाबदेही की पहल है।

## राष्ट्रीय महिला आयोग महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर : विजया रहाटकर

# राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन ने सुनीं शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन विजया रहाटकर की अध्यक्षता में पंचायत भवन में राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार अभियान के तहत महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उन्होंने भिवानी के अलावा दादरी और झज्जर जिले की महिलाओं के मामलों को सुना।

सुनवाई के दौरान हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया, डीसी साहिल गुप्ता, सीपी झज्जर डॉ राजश्री, आईजी रोहतक रेंज वाई पूर्ण कुमार, प्रवर पुलिस अधीक्षक भिवानी मनबीर सिंह, एडीसी डॉ मुनीष नागपाल, एसडीएम दादरी योगेश सैनी आईएएस, एसडीएम झज्जर अंकित चोकसी आईएएस मौजूद रहे। जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान अपना संदेश देते हुए रहाटकर ने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। आयोग का मुख्य उद्देश्य है कि महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार के शोषण या उत्पीड़न की घटनाओं का तुरंत प्रभाव से निपटारा हो और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। उन्होंने कहा कि पीड़ित या शोषित महिला का आयोग के पास दिल्ली में आना बहुत मुश्किल हो जाता है, ऐसे में राष्ट्रीय महिला आयोग ने निर्णय लिया है कि संख्या के आधार पर डिवीजन स्तर पर या जिला स्तर पर महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए जाएं और वहां पर महिलाओं की शिकायतों को सुना जाए। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई कार्यक्रमों में पीड़ित महिलाओं को बुलाया जाता है और उसके साथ ही मामलों से संबंधित पुलिस आईओ को भी बुलाया जाता है। उन्होंने बताया कि पीड़ित पक्ष की पूरी सुनवाई की जाती है, उसको अपना पक्ष रखने के लिए पूरा अवसर दिया जाता है। संबंधित पुलिस अधिकारी से इस बारे में अब तक की गई कार्रवाई की रिपोर्ट ली जाती है।



**भिवानी।** पंचायत भवन में महिलाओं की समस्याएं सुनतीं चेयरपर्सन विजया।

### मुस्लिम महिलाओं का मनोबल बढ़ा

राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन विजया रहाटकर ने कहा कि तीन तलाक के कानून को समाप्त करने से मुस्लिम महिलाओं का मनोबल बढ़ा है। उनका जीवन उत्थान हुआ है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने शिक्षा हासिल कर अपने पैरों पर खड़ा होना होगा। उन्होंने कहा कि महिला हो या पुरुष हो उनको अपने निर्णय बड़े सोच समझकर लेने चाहिए। वहीं दूसरी ओर रहाटकर ने पंचायत भवन में जनसुनवाई कार्यक्रम में महिलाओं की समस्याएं सुनने के उपरांत लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। दस या दस से अधिक काम करने वाले कार्यालयों और औद्योगिक इकाइयों में महिलाओं के शोषण संबंधी शिकायतों का निवारण करने को लेकर कमेटियों का गठन किया जाए।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
पाठकों के लिए आवश्यक सूचना
"पाठक इनामी योजना 2025" के सभी कूपन अखबार में प्रकाशित हो चुके हैं। इसके प्रपत्र जमा करने प्रारम्भ कर दिये गये हैं। आप अपने प्रपत्र को साधारण डाक द्वारा हरिभूमि के मुख्यालय में भेज सकते हैं। क्षेत्र में स्थित हरिभूमि कार्यालय या अपने नजदीकी समाचार पत्र एजेन्ट के पास भी प्रपत्र पूरा भरकर जमा करवा सकते हैं। फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि 30 सितम्बर 2025 रखी गई है। किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें :-
प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि कार्यालय
हरिभूमि, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8814999173, 9253681005
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

हरिभूमि
# सहेली

स्वाधीनता दिवस विशेष



यह सही है कि वर्षों गुलामी की जंजीरों की जकड़न से मुक्ति मिलने पर तत्कालीन देश-समाज में महिलाओं की स्थिति अच्छी नहीं थी। लेकिन तमाम विडंबनाओं, चुनौतियों और संघर्षों को पार कर आधी आबादी ने ना केवल खुद को मजबूती से प्रतिष्ठित किया, सशक्त राष्ट्र निर्माण में भी महती भूमिका निभाई, अब भी निरंतर निभा रही हैं।

## आधी आबादी की सहभागिता से सशक्त हो रहा देश-समाज

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

वास्तव में स्वतंत्र होने के सही मायने, जीवन के हर पहलू पर सशक्त भागीदारी निभाने से जुड़े हैं। इस मोर्चे पर देखें तो भारतीय महिलाओं ने आजादी मिलने के बाद बेहतरीन सफर तय किया है। हमारे देश की स्त्रियां आज परिवार से लेकर देश की सीमाओं तक, हर फ्रंट पर डटी हैं। 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहे आजाद भारत में विकास और बदलाव की संघर्षपूर्ण यात्रा में स्त्रियों की भूमिका रेखांकित करने योग्य रही है।

### पारिवारिक जुड़ाव की महत्वपूर्ण कड़ी

फैमिली सिस्टम किसी देश की आत्मा होता है। परिवार में ही बड़ी पीढ़ी के अनुभव, नई पीढ़ी के जीवन को दिशा देते हैं। नई पीढ़ी के रूप में देश का भविष्य भी घर-आंगन में ही गढ़ा जाता है। स्वतंत्रता के बाद से ही देश के सामाजिक-पारिवारिक माहौल में भी महिलाएं अहम रोल निभाती आई हैं। गृहिणी के रूप में रिश्तों को संभालने की बात हो या काम-काजी महिला के रूप में वर्कफोर्स का हिस्सा बनने की, महिलाओं ने हर तरह से घर-परिवार की बगिया को सींचा है। असल में स्त्रियां ही हमारे फैमिली सिस्टम की लाइफलाइन रही हैं। वास्तव में पारिवारिक रिश्तों का मैनेजमेंट ही समाज को भी स्थिरता देता है। अपनों का यह जुड़ाव अपने राष्ट्र से भी जुड़ने का भाव जगाता है। सुखद यह भी है कि परंपरागत जिम्मेदारियों के निभाने के साथ ही घर-परिवार में स्त्रियां अब लीडरशिप रोल में भी आ गई हैं। स्वतंत्रता के बाद शिक्षित-सजग महिलाओं के आंकड़ों में हुए इजाफे से सोशल, फाइनेंसियल और पर्सनल हर फ्रंट पर फैसले लेने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ी है। घरेलू और सामाजिक जीवन में महिलाएं अब स्वतंत्र व्यक्तित्व और विचारों की धनी बन रही हैं। इसके चलते सशक्त समाज के निर्माण में आधी आबादी ने पूरी जिम्मेदारी से अपना मोर्चा संभाल रखा है।

### उद्यमिता की दुनिया में दखल

स्वतंत्र भारत की तरक्की में वुमेन वर्कफोर्स का प्रभावी रोल रहा है। स्किल डेवेलपमेंट से लेकर हायर डिग्रियां हासिल करने तक, स्त्रियां किसी भी मामले में पीछे नहीं रहीं। आगे बढ़ने के सतत प्रयास की वजह से देश की उन्नति में भी वे भागीदार बनी हैं।



एआई इमेज

स्त्रियों को इसी जज्बे से क्रिएटिव सोच, साइंस, रिसर्च और आर्म्ड फोर्सेस तक, अपनी जगह बनाने का मनोबल मिला है। गांवों-कस्बों में महिलाएं ड्रोन उड़ा रही हैं। एंटरप्रेन्योरशिप की दुनिया में भारतीय महिलाओं का दखल चकित करता है। आज अपना बिजनेस शुरू करने, मैनेज करने और आगे बढ़ाने में स्त्रियां कमाल कर रही हैं। नए प्रोडक्ट्स, सर्विसेस और आइडियाज लेकर एंटरप्रेन्योर बनी महिलाएं आज सफल चेहरों में शुमार हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों और ई-कॉमर्स के जरिए व्यवसाय जमाने वाली महिलाएं तो नई पीढ़ी को प्रेरणा दे ही रही हैं। ट्रैक्सन के एक अध्ययन के मुताबिक भारतीय तकनीकी उद्योग में स्टार्टअप्स में वुमन एंटरप्रेन्योर्स की हिस्सेदारी 18 प्रतिशत से ज्यादा है। वहीं नेशनल सर्वे बताते हैं कि एमएसएमई इंडस्ट्रीज में महिलाओं की भागीदारी 20 फीसदी है। स्वतंत्र भारत के बेहतरी की ओर बढ़ते समाज में महिला उद्यमियों के प्रति सकारात्मक नजरिया और सपोर्ट भी देखने को मिल रहा है। हालिया आंकड़ों के अनुसार देश में वुमेन वर्कफोर्स की भागीदारी बढ़कर 41.7 प्रतिशत हो गई है। वर्कफोर्स में भागीदारी के साथ ही बहुत सी चुनौतियों के बावजूद महिलाएं, एंप्लॉयमेंट देने वाले सेटअप्स भी बना रही हैं। इस देश की नागरिक होने के नाते अपनी भूमिका को पॉजिटिव रूप से विस्तार दे रही हैं। इनोवेशन और स्पेशलाइजेशन के इस संसार में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाना असल में देश की बेहतरी से जुड़ना ही है।

### खुद की बेहतरी संग बदलाव

देश, समाज या व्यक्तिगत जीवन, आधी आबादी अपनी पूरी हिस्सेदारी दर्ज करवा रही है। स्वतंत्रता के संग्राम से लेकर समाज में सहज सी बातों-हालातों को बदलने तक, भारतीय महिलाएं उत्साह से जुटी हुई हैं। प्रोफेशनल मोर्चे पर आत्मविश्वास के साथ नए फील्ड्स को एक्सप्लोर कर रही हैं। पर्सनल फ्रंट पर भी खुद की संभाल, देखभाल के भाव को बल मिला है। पारंपरिक छवि में तीज-त्योहार मनाती महिलाएं हंसती-खिलखिलाती नजर आती हैं। वहीं विज्ञान-व्यवसाय और तकनीक के संसार में भी उनकी प्रभावी इमेज नजर आती है। देश-समाज और परिवार की धुरी बन आज की स्त्रियां एक ओर सब कुछ थामे हुए हैं तो दूसरी ओर खुद को संभालने का जज्बा भी कम नहीं है। इसी अवेयरनेस के चलते अपनी सशक्त और समर्थ छवि बनाने-निखारने की सोच पूरे समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही है। बदलते परिवेश में बहू-बेटियों



को उनके सपने साकार करने में मदद मिल रही है। ऐसे सभी भाव अपने देश को आगे ले जाने से जुड़े हैं। स्त्रियों का खुदमुख्तार होने का यह जज्बा स्वाधीन भारत की नींव सुदृढ़ करने वाला है। ❁

## इस बार नए अंदाज में मनाएं स्वतंत्रता दिवस

स्वाधीनता दिवस, हर भारतवासी के लिए गर्व और उल्लास भरा पर्व होता है। लेकिन इसे आप और भी खास, यादगार बना सकती हैं। इसके लिए आप अपने परिवार के सदस्यों और आस-पड़ोस के लोगों, बच्चों को शामिल कर सकती हैं।

सेलिब्रेशन

रजनी अरोड़ा



स्वतंत्रता दिवस, आजादी की जंग में शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने, उन्हें श्रद्धांजलि देने और स्वाधीन होने का उत्सव मनाने का दिन है। यह सिर्फ एक राष्ट्रीय अवकाश नहीं, बल्कि परिवार के संग देशभक्ति का भाव जगाने और नई पीढ़ी को भारत की आजादी के संघर्ष की जानकारी देने का सुअवसर भी है। ऐसे कई रचनात्मक तरीके हैं, जिनसे आप अपने परिवार के साथ स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को यादगार और अर्थपूर्ण बना सकती हैं।

**करें ध्वजारोहण-गाएं राष्ट्रगानः** अगर आप किसी सरकारी या निजी संस्थान में काम करती हैं तो वहां ध्वजारोहण जरूर किया जाता होगा, उसमें तो आप शामिल होती ही हैं। लेकिन आप अगर हाउसवाइफ हैं तो अपने घर के आंगन या छत पर भी तिरंगा फहरा सकती हैं। इसके बाद बच्चों समेत सब परिजन मिलकर राष्ट्रगान 'जन गण मन' गाएं। तिरंगे को सलामी दें। बच्चों के संग मिलकर 'भारत माता की जय' के नारे लगाएं। यकीनन इससे सभी के मन में गर्व की अनुभूति होगी।



**सार्वजनिक कार्यक्रमों में लें भागः** आमतौर पर स्वतंत्रता दिवस के मौके पर स्कूल-कॉलेज, कार्यालयों में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। स्वतंत्रता दिवस के दिन रिहायशी इलाकों, सोसाइटी या मुहल्लों में भी कार्यक्रम का आयोजन होता है। इन कार्यक्रमों में परिवार समेत भाग लेकर आप स्वतंत्रता सेनानियों को याद कर सकती हैं।

**तिरंगा थीम फैमिली फोटोशूटः** इस खास अवसर के लिए पूरे परिवार के लिए व्हाइट ड्रेस चुनें। उसके साथ केसरिया-हरा स्कार्फ, बैज या दुपट्टा भी जोड़ें। घर पर तिरंगे बैकग्राउंड वाला सेटअप बनाएं। बच्चों के हाथों में 'मैं भारत हूं' या 'वंदेमातरम' लिखे कार्ड पकड़ाएं। आप तिरंगा थाम सकती हैं। तिरंगा फहराने के बाद इसी थीम में ग्रुप फोटोज क्लिक करें। इसे सोशल मीडिया पर शेयर करें। ये पल आपके लिए यादगार बन जाएंगे। इस दिन स्वदेशी यानी मेड इन इंडिया उत्पादों का प्रयोग करने का संकल्प भी ले सकती हैं।

**देशभक्ति वाली फिल्में देखेंः** स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने के बाद आप अपने परिवार के साथ देशभक्तिपूर्ण फिल्म देख सकती हैं। इस मौके पर आप 'शहीद', 'लगान', 'रंग दे बसंती', 'चक दे इंडिया', 'स्वदेस', 'मंगल पांडे', 'भगत सिंह', 'तिरंगा', 'बॉर्डर', 'क्रांति' या कोई अन्य पसंद वाली देशभक्तिपूर्ण फिल्म देख सकती हैं। इन फिल्मों को देखते हुए आप स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और उनके संघर्ष के बारे में भी बच्चों को बताएं। इससे उनके मन में देशभक्ति की भावना और सघन होगी।

**देशभक्ति संबंधी किताबें पढ़ेंः** अगर आप पढ़ने की शौकीन हैं तो देशभक्ति संबंधी किताबें भी पढ़ सकती हैं। परिवार के अन्य सदस्यों को भी पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। बच्चों को स्वतंत्रता सेनानियों की जीवन कथाएं या प्रेरक प्रसंग आसान और रोचक तरीके से सुनाएं।

**पौधे लगाएंः** घर के गार्डन में या आस-पास के पार्क में आप अपने परिवार के साथ आजादी के जश्न के नाम पर एक-एक पौधा जरूर लगाएं। परिवार के सभी सदस्य आगे उनका ख्याल भी रखें। इससे आपको स्वाधीनता दिवस समारोह की याद रहेगी और पौधे के जरिए आप देश के वातावरण को स्वच्छ बनाने में सहभागिता भी निभा सकती हैं। आप अपने पड़ोसियों को भी इसके लिए प्रेरित कर सकती हैं। ❁

---

महात्म्य

आर.सी.शर्मा

श्रीकृष्ण को भगवान के रूप में हम सब पूजते ही हैं। लेकिन उन्होंने अपनी लौकिक लीलाओं में ऐसे अनेक संदेश दिए, जो आज भी संपूर्ण मानवता के लिए पथ-प्रदर्शक बने हुए हैं।

## जीवन-जगत के शाश्वत पथ-प्रदर्शक श्रीकृष्ण

*कृष्ण वंदे जगतगुरुम्।* यह वाक्य सिर्फ धार्मिक श्रद्धा का भाव नहीं है बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए एक जीवन दर्शन भी है। श्रीकृष्ण का स्वरूप इतना विराट है कि उनके अनेक आयाम हैं। वह देवता हैं, लीलानायक हैं, परमब्रह्म हैं, योगेश्वर हैं, राजनीतिज्ञ और कूटनीतिज्ञ भी हैं। कुरुक्षेत्र में उन्होंने अर्जुन को जो गीता का गुरु ज्ञान दिया, वह समय की सीमाओं को पार कर हर समय के लिए एक शाश्वत जीवनमूल्य बन गया है। आज दुनिया जिस तरह से अनेक संकटों से घिरी है, कई तरह के नैतिक भ्रम पसरे हैं, युद्ध की आशंकाएं हर तरफ मंडरा रही हैं, पर्यावरणीय आपदाएं सिर उठाए खड़ी हैं, इंसान मानसिक अवसाद और सामाजिक विघटन से जूझ रहा है और इस सबके बीच समाज से आध्यात्मिक चेतना छीजती जा रही है। ऐसे में भगवान श्रीकृष्ण केवल श्रद्धा का विषय नहीं हैं बल्कि आज के संकटग्रस्त विश्व के शाश्वत समाधान की तरह हैं।


**देते हैं संकट से संघर्ष का मंत्रः** अगर गहराई से देखें तो महाभारत काल में सिर्फ एक कुरुक्षेत्र का युद्ध हुआ था। लेकिन आज तो दुनिया का हर युवा, वृद्ध और बालक अपने-अपने जीवन के कुरुक्षेत्र में खड़ा है। कोई नौकरी और आत्मसम्मान के बीच द्वंद्वरत है, कोई रिश्तों में मोह और स्वाभिमान की टकराहट से घिरा है, किसी के अंदर धर्म और लोभ का संघर्ष चल रहा है, तो बाहरी तौर पर दुनिया के अनेक राष्ट्रों के बीच अपने अहम का वर्चस्व स्थापित करने के लिए गैरजरूरी युद्ध लड़े जा रहे हैं। ऐसे में आज हर सोचने-समझने वाला व्यक्ति अर्जुन की भांति किंकर्तव्यविमूढ़ खड़ा है। वह युद्ध करना नहीं चाहता और हालात ऐसे हैं कि बिना युद्ध के उनसे निकलना भी संभव नहीं है। ऐसे में स्त्री हो या पुरुष, हर किसी को श्रीकृष्ण जैसे एक सारथी की जरूरत है, जो न केवल उसका रथ हांके, उसे नैतिक विश्वास का संरक्षण भी दे, ताकि वह अपने हिस्से की लड़ाई को पूरे वेग से लड़ सके। यहीं पर मौजूं हो जाता है 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' का मूल विचार यानी तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करने का है, फल की चिंता मत करो, को अपनाएं। यही श्रीकृष्ण की सबसे बड़ी शिक्षा है और यही शिक्षा इस संकटग्रस्त विश्व का सबसे बड़ा समाधान है। खासतौर पर स्त्रियों को



ऐसे संबल की आवश्यकता अधिक होती है क्योंकि उनका संघर्ष कई मायने में पुरुषों से भी जटिल और बहुस्तरीय होता है।

**देते हैं जीवंत-कर्मरत रहने का संदेशः** भले आज विज्ञान और तकनीक ने हमें बहुत भौतिक समृद्धि दी हो, लेकिन अधिकांश लोग तनाव, बेचैनी और अकेलेपन से जूझ रहे हैं। अधिकतर महिलाओं पर घर-बाहर के काम का इतना दबाव बढ़ता जा रहा है कि वे अवसाद से ग्रस्त रहने लगती हैं। ऐसे में जीवन से अरुचि महसूस होने लगती है। इस मानसिक संत्रास और धार्मिक-आध्यात्मिक शून्यता में फिर से गीता के प्रकाश की जरूरत है। गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं, 'योगस्थः कुरु कर्माणि' अर्थात मन को स्थिर करके कर्म करो। गीता का यह श्लोक आज के मेंटल हेल्थ संबंधी विचार और सिद्धांत से पूरी तरह से मेल खाता है, जिसमें कहा गया है कि मन को स्थिर रखें, जो गुजर गया, उसकी परवाह न करें, भविष्य की चिंता में डूबें नहीं और जो वर्तमान है, उसमें डूबकर जीएं। इससे शारीरिक और मानसिक तौर पर खुश रहेंगे। ❁

### समझें प्रेम का उदात्त स्वरूप



**आज हमें** अपने इर्द-गिर्द छल, कपट, स्वार्थ और अनीति का वातावरण दिखता है। ऐसे में हम कृष्ण से नैतिकता और विवेक के संतुलन का पाठ सीख सकते हैं। आज जितने लोग विपन्न पहले कभी नहीं रहे। क्योंकि भोगवादी संपन्नता क्षणिक होती है और आज का पूरा समय ही भोग-लिप्सा का समय है। ऐसे में जरूरत है कि एक बार फिर से हम राधा-कृष्ण के उस आध्यात्मिक प्रेम की तरफ देखें, जो धर्म और आचरण की शुद्धता का पर्याय है, जो निजी भावनाओं को ही नहीं बल्कि वातावरण को प्रेममय बना देता है।

---

रेसिपी/ ओम प्रकाश गुप्ता

भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर्व **जन्माष्टमी (16 अगस्त)** पर आप जरूर व्रत रखेंगी और रात में पूजन के बाद नन्हे कान्हा जी को भोग भी लगाएंगी। इसीलिए इस बार हम आपको बता रहे हैं कई तरह के भोग की रेसिपी।

## कान्हा के लिए बनाएं मीठे-मीठे भोग


### मीठे गुड़-मखाने



**सामग्री :** मखाने-100 ग्राम, गुड़ का चूरा-100 ग्राम, सफेद तिल-1 बड़ा चम्मच, घी-तलने के लिए

**विधिः** कड़ाही में घी गरम करके मंदी आंच पर मखाने तल लें। गुड़ में थोड़ा सा पानी मिलाकर एक तार की चाशनी बनाएं। चाशनी में तले हुए मखाने डालकर अच्छी तरह चलाएं। तिल डालकर थोड़ा और चलाएं। मखानों पर चाशनी चढ़ जाने पर आंच से उतार लें। थोड़ा ठंडा होने पर कड़ाही से निकालें। मीठे गुड़-मखाने तैयार हैं। ❁

### मक्खन-मिश्री लड्डू



**सामग्री :** गाय के दूध का मक्खन-250 ग्राम, पिसी चीनी-2 बड़े चम्मच, मिश्री के दाने-1/2 कप, पिस्ता चूरा-1 छोटा चम्मच, तुलसी के पत्ते-थोड़े से

**विधिः** मक्खन में चीनी मिलाकर अच्छी तरह फेंटें। इसमें आधे मिश्री के दाने और पिस्ता चूरा मिलाकर फ्रीजर में रख दें। 1-2 घंटे बाद मक्खन काफी सख्त हो जाएगा। तब इससे मनचाहे आकार के लड्डू बना लें। इन पर बचे मिश्री के दाने लगाकर फिर से फ्रिज में रख दें। जब चाहें तब ठंडे-ठंडे मक्खन के लड्डू फ्रिज से निकालें और तुलसी के पत्ते से गार्निश करके तुरंत सर्व करें। ❁

### दूध-दही पंचामृत



**सामग्री :** दूध-2 कप, दही-1/4 कप, पिसी चीनी-50 ग्राम, शहद-1 छोटा चम्मच, बादाम-1 बड़ा चम्मच, पिस्ता-1 छोटा चम्मच, घी-1 छोटा चम्मच, गंगा जल-1 छोटा चम्मच, तुलसी के पत्ते-4, चांदी का वर्क-1

**विधिः** सबसे पहले बादाम और पिस्ते बारीक काट लें। दूध में चीनी घोल लें। इसमें एक कप ठंडा पानी मिला लें। फिर दही, घी, शहद और गंगा जल मिला लें। ऊपर से तुलसी के पत्ते डाल कर कटा बादाम और कटा पिस्ता बुरक दें। दूध-दही पंचामृत तैयार है। ❁

---

आस्था

अनीता जैन

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव यानी जन्माष्टमी के पर्व का जितना धार्मिक महत्व है, उतना ही यह आत्मबोध का भी पर्व है। इस दिन श्रद्धा से व्रत पूजन करने से शुभ फलों की प्राप्ति के साथ आत्मोत्थान का मार्ग भी प्रशस्त होता है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी भक्ति-आत्मबोध का दिव्य पर्व

जब-जब धरती पर अधर्म और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। इन अवतारों का उद्देश्य केवल दुष्टों का नाश नहीं, बल्कि मानव समाज को सत्य, प्रेम और कर्तव्य का मार्ग दिखाना भी रहा है। प्रत्येक अवतार मानवता को नया दृष्टिकोण देता है। भगवान विष्णु के सभी अवतारों में श्रीकृष्ण का अवतार सबसे विशिष्ट माना जाता है। श्रीकृष्ण केवल एक पूजनीय देवता ही नहीं, बल्कि वह ऐसे आदर्श पुरुष हैं, जिनके जीवन में भक्ति, नीति, प्रेम और ज्ञान का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। उनके जन्म की रात्रि, जिसे मोहरात्रि कहा गया है, संसारिक मोह से मुक्ति का संदेश देती है।

**आध्यात्मिक जागरण का पर्वः** जन्माष्टमी केवल उत्सव नहीं, बल्कि आध्यात्मिक जागरण का पर्व है। यह पर्व हमें श्रीकृष्ण के अवतारी जीवन से सीख लेने को प्रेरित करता है। इस अवसर पर हर मंदिर और घर में झूला सजता है, भजन-कीर्तन होते हैं और भक्त रात भर जागरण करते हैं। उपवास, ध्यान और श्रीकृष्ण के नाम स्मरण से मन को शांति और आत्मा को ऊर्जा मिलती है। यह पर्व हमें यह भी सिखाता है कि सच्चा प्रेम, भक्ति और धर्म ही जीवन के शाश्वत आधार हैं।



**पौराणिक मान्यताः** अवतार का तात्पर्य होता है-अव्यक्त से व्यक्त रूप में ईश्वर का प्रादुर्भाव। जब कंस जैसे अत्याचारी का आतंक बढ़ा, तब श्रीहरि ने देवकी-वासुदेव के पुत्र रूप में जन्म लेकर धर्म की पुनः स्थापना का उद्घोष किया। उनके जन्म लेते ही कारागार के बंद द्वार खुल गए, हथकड़ियां टूट गईं और प्रहरी निद्रावश हो गए। श्रीकृष्ण को वासुदेव यमुना पार गोकुल ले गए। यह केवल एक बालक का अवतरण नहीं, बल्कि ब्रह्म का प्रकट होना था। श्रीकृष्ण के इस आलौकिक प्राकट्य ने समस्त जगत को उल्लासित कर दिया। श्रीकृष्ण का संपूर्ण जीवन केवल लीलामय नहीं, बल्कि गूढ़ जीवन-दर्शन से परिपूर्ण है। उन्होंने गोकुल में मुरली के मधुर स्वर से प्रेम का पाठ पढ़ाया, तो कुरुक्षेत्र में गीता के रूप में कर्मयोग का संदेश भी दिया।

**श्रीकृष्ण जन्म की रात्रि का आलौकिक महत्वः** हमारे धर्मग्रंथों में चार विशेष रात्रियों का उल्लेख है- कालरात्रि (दीपावली), महारात्रि (शिवरात्रि), अहोरात्रि (होली) और मोहरात्रि (जन्माष्टमी)। जन्माष्टमी की रात को योग, ध्यान, जप और उपासना का विशेष महत्व है। इस रात्रि में जागरण से मोह-माया से मुक्त होकर आत्मबोध बढ़ता है। ❁

### व्रत-पूजन विधि और महत्व

**भविष्य पुराण** में जन्माष्टमी व्रत को व्रतराज कहा गया है। जिस घर में यह व्रत श्रद्धापूर्वक किया जाता है, वहां अकाल मृत्यु, कलह, दुर्भाग्य जैसे दोष नहीं आते। इस दिन प्रातः स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख कर व्रत का संकल्प लें। देवकी-वासुदेव और बालक श्रीकृष्ण की मूर्ति या चित्र को झूले में स्थापित करें। व्रत में देवकी, वासुदेव, नंद, यशोदा, बलराम आदि का नाम लेकर पूजन करें। रात्रि 12 बजे के बाद श्रीकृष्ण के जन्म के समय पंचामृत से अभिषेक करें। इसके बाद भगवान को नवीन पीतांबर वस्त्र पहनाएं, तिलक करें और उन्हें पालने में झुलाएं। पूजन में तुलसी, फूल, अक्षत, धूप-दीप, नैवेद्य का प्रयोग करें। माखन-मिश्री, धनिए की पंजीरी, पंचामृत और मक्खन-शक्कर का भोग लगाएं। झूला झुलाते हुए भजन-कीर्तन करें। आरती के पश्चात प्रसाद को भक्तों में वितरित करें और रात्रि जागरण करें। इस रात मंत्रजप, श्रीकृष्ण नामस्मरण और गीता पाठ करने से विशेष पुण्य प्राप्त होता है। यह पूजन व्यक्ति के जीवन में सुख-शांति और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है।

## खबर संक्षेप



प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज की शाखा सिद्धिधाम में टैलेंटड इंडिया कार्यक्रम में बीके सुमित्रा के साथ श्रद्धालु।

### ब्रह्माकुमारीज की शाखा में टैलेंट इंडिया कार्यक्रम

**भिवानी।** मानव प्रोडक्शन के प्रोड्यूसर संजीव सिसोदिया के नेतृत्व में प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज की शाखा सिद्धि धाम में टैलेंट इंडिया कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मानव प्रोडक्शन के निर्देशक जैक साइबर अपनी टीम के साथ उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए शाखा प्रमुख राजयोगिनी बीके सुमित्रा बहन ने कहा कि ये सृष्टि रूपी रंगमंच है, हम सभी इसके पात्र हैं। उन्होंने कहा कि आप लोग अपनी कला के द्वारा सामाजिक मुद्दों को लेकर नाटक आदि करते हैं, जिससे समाज को नई दिशा मिलती है। हम



### युवाओं ने रक्तदान कर बचाई गर्भवती की जान

**भिवानी।** रक्त ही एक मात्र ऐसा जीवनदायिनी पदार्थ है, जिसका निर्माण किसी फैक्ट्री मे नहीं हो सकता। रक्त की कमी को स्वैच्छिक रक्तदाताओं द्वारा बढ़ चढ़कर रक्तदान करने से ही पूरा किया जा सकता है। सोमवार को निजी अस्पताल में एक गर्भवती महिला के लिए पांच यूनिट बी पॉजिटिव फ्रेश ब्लड की जरूरत हुई तो राहुल ने 24वीं बार, संदीप ने पहली बार, अशोक ने दूसरी बार व नवदीप ने दूसरी बार व अजय ने सातवीं बार रक्तदान कर जान बचाई।

### बेटियों के नाम नेम प्लेट ने भी जीता सभी का मन

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा स्थित महिला महाविद्यालय में सर्व कल्याण मंच द्वारा नवीन कौशिक के नेतृत्व में आयोजित निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। सर्व कल्याण मंच और छात्राओं द्वारा किया गया आत्मीय स्वागत दिल को छू गया। यह प्रशिक्षण केंद्र हमारी बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विजया के. राहटकर अध्यक्ष, राष्ट्रीय महिला आयोग, प्रो. दीप्ति धर्मानी कुलपति, सीबीएलयू भिवानी, सुन्दर अत्री चेयरमैन उपस्थित हुए।

## श्रीलाल महादेव अखाड़े वाले मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

# श्रीमद्भागवत गीता व्यक्ति को जोड़ती है दायित्वों एवं कर्तव्यों से : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏩ भिवानी

खाकी बाबा मंदिर गली स्थित श्रीलाल महादेव अखाड़े वाले मंदिर परिसर में सेठ मूलचंद झील प्रबंध समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा अमृत महोत्सव भक्तिभाव और आस्था के वातावरण में निरंतर 7वे दिन भी प्रवाहित रहा। इस अवसर पर भिवानी विधायक घनश्यामदास सर्राफ ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विधायक सर्राफ ने श्रीमद्भागत कथा पर बोलते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम हमें जीवन जीने का आभास करवाते हैं, कि परिवार, समाज में व्यक्ति के क्या कर्तव्य है और क्या उनका दायित्व होना चाहिए।

न्होंने कहा कि धर्म कर्म व्यक्ति को संस्कारों से जोड़ता है। कथाव्यास स्वामी गोवर्धन आचार्य महाराज ने सुदामा चरित्र व उद्धव-गोपियों संवाद का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान भगवान



भिवानी। श्रीमद्भागवत गीता का पूजन करते विधायक घनश्यामदास सर्राफ।

श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोपी प्रेम, रासलीला और सखा सुदामा के साथ उनके अलौकिक प्रेम पर विस्तार से प्रवचन दिए। उन्होंने बताया कि गोपियां भगवान श्रीकृष्ण के भजन रूपी अमृत में डूबी हुई थी। उन्होंने गर्ग संहिता के उद्धरण देते हुए बताया कि गोपियां कई प्रकार की होती हैं और सखी संप्रदाय के अनुसार भगवान शब्द से ही रास की उत्पत्ति हुई है। कथा में उद्धव व गोपियों का संवाद श्रोताओं को भाव विभोर कर गया। मीराबाई का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि मीरा ने सांसारिक पति को कभी पति नहीं माना, उनका पति तो अजर-अमर रहे, वहीं हो। उन्होंने कहा कि कलयुग में महारास की लीला को पूरी तरह समझ पाना कठिन है।

**कंस वध कथा सुनाई:** कथा में कंस वध, यशोदा-कृष्ण संवाद, मथुरा प्रस्थान और अक्रूर संवाद जैसे भावनात्मक प्रसंगों का मनोहारी वर्णन कि। कंस का काल यशोदा का लाल जैसी पंक्तियां श्रद्धालुओं के मन को छू गईं।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**भिवानी।** भव्य एवं पारंपरिक वेशभूषा में सोमवार से मनान पाना स्थित राजपूत धर्मशाला में श्रीमद्भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कथा का आयोजन कृष्ण कुमार पाटनिया सहित समस्त पाटनिया परिवार ने करवाया। सोमवार को कलश यात्रा की शुरूआत प्रातः 9 बजे गोमीतगिरी मंदिर स्थित श्रीराम मंदिर से हुई।



कलश यात्रा के उपरांत आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चरण के साथ श्रीमद्भागवत गीता को स्थापित किया। आनंद व भजनों के साथ शुरू की गई श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक महामंडलेश्वर शिव रामदास फलाहारी बाबा माधवकुंज अयोध्या वाले ने श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत करवाया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जयप्रकाश शर्मा, सुरेश डबेवाला, अशोक शर्मा, प्रकाश लाटा, संजय, नरेंद्र, नंदन गुप्ता, वाशु तंवर, दर्शन अरोड़ा, अनुराग शर्मा, राजेश गुप्ता, आदेश बूंदीवाल, पुरूषोतम शर्मा, जयप्रकाश गुप्ता, देवेंद्र भगनका व ललित आदि मौजूद रहे।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का होगा भव्य आयोजन

**भिवानी।** जगतगुरु ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद की कृपा से अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) बहादुरगढ़ के तत्वावधान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का भव्य आयोजन शनिवार, 16 अगस्त को भिवानी स्थित सिंघानिया सेवा सदन, शिव नगर कॉलोनी, नजदीक जोगी वाला मंदिर में किया जाएगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 5:00 बजे मंगला आरती से होगा, इसके पश्चात प्रातः 7:30 से 8:30 बजे तक गुरुपूजा, दर्शन आरती एवं कृष्ण कथा का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम सायं 6:00 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें संकीर्तन, महाभिषेक, महाआरती, झूलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, छप्पन भोग और महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। महाभिषेक रात्रि 10:00 बजे एवं महाआरती रात्रि 11:30 बजे संपन्न होगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना है। कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण इस्कॉन बहादुरगढ़ के अध्यक्ष श्रीमान नित्यानंद आश्रय प्रभु , मंदिर प्रबंधक चंद्रचारु प्रभु एवं मधुसखा दास प्रभु के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। आयोजकों ने सभी भक्तों एवं नगरवासियों से इस पावन अवसर पर सम्मिलित होने का आग्रह किया है।



भिवानी। कार्यक्रम की सफलता को लेकर रिहर्सल करते बाल प्रतिभागी।

### कार्यालय में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें

**चरखी दादरी।** एसडीएम योगेश सैनी ने सोमवार को विभिन्न विभागों के कार्यालयों का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालयों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए कहा कि सभी विभाग अपने कार्यालयों में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें और कार्यालय में आने वाले नागरिकों को सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करें। एसडीएम ने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी जन सेवा की भावना के साथ कार्य करें। सरकार और प्रशासन प्रशासनिक कार्यशैली को जवाबदेह, पारदर्शी, निष्पक्ष और प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सभी अधिकारी और कर्मचारी सरकार की नीतियों की अनुपालना कर लोक हितैषी सेवाओं व योजनाओं का लाभ पात्रों को तय समय सीमा में उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी अपने अपने कार्यालयों में पुराने उपकरणों, फर्नीचर आदि की जांच करवाकर उपयोग में न आने वाले पुराने उपकरणों को कमेटी के माध्यम से कंडम करवाए, ताकि उन्हें नीलाम किया जा सके।



# शहीद खुदीराम बोस को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏩ भिवानी

शहीद खुदीराम बोस एक महान स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रांतिकारी थे, उनके मन में देश को आजाद करवाने की ऐसी लग्न लगी कि नौवीं कक्षा के बाद ही पढ़ाई छोड़ दी और स्वदेशी आन्दोलन में कूद पड़े, ये बात स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन के अध्यक्ष महेन्द्रपाल यादव ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कह।

उन्होंने बताया कि वर्ष 1905 में बंगाल का विभाजन होने के बाद खुदीराम बोस देश के मुक्ति आंदोलन में कूद पड़े थे। उन्होंने बताया कि खुदीराम बोस को 11 अगस्त 1908 को सेन्ट्रल जेल मुजफ्फरपुर में फांसी दी गई, वे बंगाल में अंग्रेजों द्वारा फांसी पाने वाले पहले भारतीय क्रांतिकारियों में से एक थे। वे मात्र 19 साल की उम्र में हिन्दुस्तान की आजादी के लिए फांसी पर चढ़ने वाले क्रांतिकारी थे। इस मौके पर रामअवतार गुप्ता, धर्मपाल ग्रेवाल, जसबीर फौजी, रामपाल यादव, सुरजभान बामला, बिजेन्द्र कोंट, चत्तर जीताखेड़ी, रणवीर सांगवान, सुभाष बामला, प्रकाश धनाना आदि मौजूद रहे।



शहीद खुदीराम बोस को नमन करते स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के सदस्य।

# मनोनीत पार्षद ने विधायक का किया स्वागत

- पार्टी ऐसे वफादार कार्यकर्ताओं को कभी नहीं भूलती : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏩ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा में श्री भगवान नाहड़िया को प्रदेश सरकार द्वारा नगर पालिका मनोनित पार्षद चुने जाने को लेकर नाहड़िया परिवार द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हलका विधायक कपूर वाल्मीकि ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

नाहड़िया परिवार द्वारा विधायक का स्वागत किया और बताया कि उनके आहवान पर श्री भगवान नाहड़िया व सुंदर कुमार को मनोनित पार्षद चुना गया है। वहीं विधायक कपूर वाल्मिकी ने बताया कि बीती योजना में श्री भगवान नाहड़िया पार्षद प्रतिनिधि थे और अबकि बार सरकार द्वारा उन्हें मनोनित पार्षद चुना है।

इस परिवार ने समाजा को एक नई दिशा देने का कार्य किया और चुनावों में भी खुलकर भाजपा पार्टी के लिए तन-मन-धन से सहयोग किया। पार्टी ऐसे वफादार कार्यकर्ताओं को कभी नहीं भूलती। वहीं उनहोंने बताया कि नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री सभी पार्षदों सहित मिलकर विकास का खाका तैयार करने में जुटे हुए हैं जल्द ही विकास की गंगा बहेगी। वहीं मनोनित पार्षद श्री भगवान नाहड़िया ने बताया कि जो उन्हें जिम्मेवारी दी गई है वे उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ वहन करेंगे।



बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा में श्री भगवान नाहड़िया को प्रदेश सरकार द्वारा नगर पालिका मनोनित पार्षद चुने जाने को लेकर नाहड़िया परिवार द्वारा विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि का स्वागत करते हुए।

# शिविर में 71 युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏩ तोशाम

गांव संडवा में हरियाणवी गायक व लेखक स्वर्गीय साधुराम कालीरामण की पहली पुण्यतिथि के मौके पर सोमवार को आयोजित रक्तदान शिविर में 71 रक्तदाताओं ने रक्तदान दिया। इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से स्वर्गीय साधुराम कालीरामण के पूरे परिवार ने सहयोग किया।

इस दौरान कैप्टन नौरंग कालीरामण ने कहा कि रक्तदान महादान है इसको हर व्यक्ति को करना चाहिए। कैप्टन नौरंग कालीरामण ने बताया कि रक्तदान करने के बाद रक्त की पूर्ति दो दिन में पूरी हो जाती है मास्टर रोहताश कालीरामण ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को रक्तदान करते रहना चाहिए इससे हार्ट अटैक जैसी बीमारी से छुटकारा मिलता है। रक्तदान शिविर के दौरान गांव संडवा के सरपंच कृष्ण कुमार जांगड़ा ने भी रक्तदान किया। सरपंच ने कहा कि युवाओं को रक्तदान करने चाहिए। नशे से बचे रहना चाहिए। शिविर का संचालन प्रवीण संडवा ने किया। जबकि गांव के ग्रामीणों ने बाहर से आए अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। रक्तदान शिविर के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें गायक व लेखक स्वर्गीय साधुराम कालीरामण के शिष्य संदीप सण्डवा व चरण सिंह लांबा ने स्वर्गीय साधुराम कालीरामण के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान उन्होंने उनकी यादगार रागनी की प्रस्तुति दी।



तोशाम। रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित करते हुए।

# ऑनलाइन साइबर क्राइम से सतर्क रहने के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏩ भिवानी

11 हरियाणा बटालियन एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 163 के सातवें दिन साइबर क्राइम भिवानी शाखा से पुलिस इंस्पेक्टर विष्णु कुमार ने साइबर क्राइम टीम के साथ शिरकत की। साइबर क्राइम भिवानी शाखा से पुलिस इंस्पेक्टर विष्णु कुमार ने साइबर हमले, डेटा चोरी, पहचान की चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर स्टॉकिंग, सोशल मीडिया पर उत्पीड़न, रैनसमवेयर हमले, फ़िशिंग और स्मिशिंग, साइबर टेररिज्म, डार्क वेब गतिविधियाँ इन बिंदुओं पर ध्यान देकर आप साइबर अपराधों से सावधान रह सकते हैं और अपनी ऑनलाइन सुरक्षा को मजबूत बना सकते हैं। लेक्चर के पश्चात कमांडिंग आफिसर लेफ़्टिनेंट कर्नल थॉमस कुट्टी एनसी द्वारा टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कैंप मीडिया प्रभारी फर्स्ट ऑफिसर राजेश कुमार ने बताया कि कैडेट्स को नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स टीम के इंस्पेक्टर त्रिलोक सिंह ने जानकारी दी।



भिवानी। कार्यक्रम में मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए।

### डॉ. जाखड़ ने संभाला पशुपालन विभाग में उपमंडल अधिकारी का पदभार

**भिवानी।** पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग में वेटरनरी पॉलिक्लिनिक भिवानी में पशु चिकित्सक के पद पर कार्यरत डॉ. राजेश जाखड़ का पदोन्नत कर भिवानी उपमंडल अधिकारी नियुक्त किया है। पशुपालन विभाग में ये पद पिछले 11 महीने से खाली था तथा डॉ. अशोक गुप्ता के पास इसका अतिरिक्त प्रभार था। डॉ. राजेश जाखड़ ने सोमवार को उपमंडल अधिकारी का पद ग्रहण किया। डॉ. राजेश जाखड़ का उपमंडल अधिकारी का पद ग्रहण करने पर सभी पशु चिकित्सकों व स्टाफ के स्वागत किया तथा फूल-मालाएं पहनाई। डॉ. जाखड़ ने कहा कि वे सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की आशाओं पर खरा उतरेंगे तथा कोशिश करेंगे कि किसी का भी बिल आदि न रूके तथा अन्य समस्याओं का सामना ना करना पड़े। उन्होंने सभी पशु चिकित्सकों को बताया कि वे भी अपना-अपना कार्य ईमानदारी से कर।



# विद्यार्थियों ने सुंदर-सुंदर ग्रीटिंग कार्ड बनाए

हरिभूमि न्यूज ⏩ भिवानी

कुसुम्भी मोड़ स्थित लिटिल हार्ट्स पब्लिक स्कूल देवसर में बड़ी धूमधाम से 'सृजन महोत्सव' मेले को आयोजन किया, जिसमें बच्चों की रचनात्मकता और उत्साह देखते ही बनता था। विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एमडी पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों में त्यौहारों के महत्व को बढ़ावा देना और उन्हें भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना रहा। उन्होंने बताया कि कक्षा 5 एवं 6 के छात्रों ने 'ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता' में अपनी कल्पनाशीलता और सुंदर डिजाइन से सभी को प्रभावित किया। वहीं कक्षा 7 एवं 8 के छात्रों ने 'कन्हा ड्रेस मेकिंग, मंदिर निर्माण, क्ले मॉडलिंग और मधुबनी पेंटिंग' जैसी प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रबंधक सतीश गोयल व रवि गोयल, निदेशिका ऐश्वर्या सिंघल, निदेशक रामानन्द सिंघल, मेघा जैन, राहुल गोयल, विनय गोयल, निश्चल गोयल व प्रियांश गोयल ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनकी कलाकृतियों की सराहना करते हुए बताया कि पूरे परिसर में रंग-बिरंगी सजावट, उल्लासपूर्ण माहौल ने मेले को अविस्मरणीय बना दिया।



भिवानी। सृजन महोत्सव मेले में ग्रीटिंग कार्ड व मधुबनी पेंटिंग बनाकर दिखाते विद्यार्थी।

### रानीला के ग्रामीणों ने चार संदिग्ध युवकों को पकड़ा, गांव में बना भय का माहौल

**चरखी दादरी।** रानीला गांव के ग्रामीणों ने चार संदिग्ध युवकों को काबू कर पुलिस के हवाले किया। चारों युवक गांव में घूम रहे थे। ग्रामीणों ने युवकों पर दिन में रेकी कर रात को चोरी करने का अंदेशा जताया। पुलिस ने युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। रानीला में एक सप्ताह के दौरान कई चोरी की घटना हुई हैं। चोरी की बढ़ती मामलों को देखते हुए ग्रामीणों ने टिकरी पहरा लगाने का निर्णय लिया था। कुछ दिनों से गांव के चारों तरफ दिन और रात में टिकरी पहरा भी लगने लगा है। सोमवार को ग्रामीणों ने यूपी नंबर की कार में घूम रहे चार संदिग्ध युवकों को पकड़ा लिया। पूछताछ में युवकों ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके बाद पुलिस को सूचित किया। ग्रामीणों ने कहा कि ये चारों युवक दिन में रेकी कर रात को चोरी करते हैं। उन्होंने बताया कि गांव में एक सप्ताह में आधा दर्जन जगहों पर लाखों के गहने, नकदी और कीमती सामान चोरी हो चुका है। गांव में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि एक सप्ताह में आधा दर्जन घरों में चोरी हो चुकी है। बढ़ते चोरी के मामलों को देखते हुए पंचायत ने अपने स्तर पर टिकरी पहरा लगाने का निर्णय लिया है। दिन और रात को गांव के लोग चारों तरफ पहरा देते हैं। इसी दौरान इन युवकों को संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते हुए काबू किया गया है।



भिवानी। रक्षा बंधन पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के साथ खड़े बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ रक्षाबंधन मनाया

**भिवानी।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर जी लिट्रा वैली विद्यालय के पांच विद्यार्थियों(माहिरा, मेहान, मुकुल, आभा व जीविका ) व प्राचार्या ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ रक्षाबंधन का त्यौहार बड़े ही गौरवमयी तरीके से मनाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति को पर्यावरण अनुकूल राखियां और उनका हस्त निर्मित पोर्ट्रेट भेंट किए। ये क्षण विद्यालय के लिए ही नहीं अपितु पूरे भिवानी शहर के लिए अविस्मरणीय है। इस समारोह में देश के विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति से मिलना उन्हें सपने के सामान लग रहा था व उनसे मिलने पर उन्हें अलग ही अनुभूति प्राप्त हुई। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी ने विद्यार्थियों के साथ- साथ देश के सभी नागरिकों को पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने के लिए अपना संदेश दिया।

## अच्छे राजनीतिज्ञ थे पूर्वमंत्री हीरानन्दः कामरेड

# किसान महापड़ाव धरने पर प्रमुख किसान नेता एवं पूर्वमंत्री हीरानन्द आर्य को श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ⏩ भिवानी

खरीफ फसल-2023 के 350 करोड़ रुपये बीमा क्लेम घोटाले के खिलाफ व किसानों की अन्य मांगों को लेकर 27वें दिन में चल रहे किसान महापड़ाव स्थल पर किसान नेता एवं पूर्वमंत्री हीरानन्द आर्य की 88वीं जयंती मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर छत्रपाल, कृष्ण बिधनोई, ज्ञानीराम झांझड़ा, सुरेश ढाणीटोडा व अल्का आर्य ने संयुक्त रूप से की तथा मंच संचालन किसान नेता मास्टर जगरोशन ने किया। हीरानन्द आर्य के इलाके के 20 वर्षों तक चले बिजली आन्दोलन में सक्रिय योगदान को याद किया।

इस मौके पर किसान सभा के जिला उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश, युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल प्रधान, पृथ्वी गोठड़ा, मनीराम खरबास, कविता आर्य, अल्का आर्य, संतोष देशवाल ने कहा कि हीरानंद चार बार लोहारू से विद्यायक रहे। उन्होंने बिजली आंदोलन लोहारू में 1981, कादमा में 1995 व मंडियाली में 1997 में भाग लिया तथा कई माह तक जेल में भी बंद रहे। किसानों के ट्यूबवैलों के लिए बिजली फ्लेट रेट व चौथा स्लैब बनवाने में उनका भारी योगदान था। वे चौधरी देवीलाल मंत्रीमंडल 1977 में राज्य के शिक्षा मंत्री बने तथा इस दौरान उन्होंने राज्य में अनेक स्कूल खुलवाए तथा अनेक स्कूलों को अपग्रेड करवाया और हजारों अनियमित अध्यापकों को पक्का करवाया। उन्होंने शराब बंदी आंदोलन चलाने में मुख्य भूमिक अदा की थी।



भिवानी। पूर्व मंत्री हीरानंद आर्य के चित्र के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित करते किसान नेता।

**सूचना**

मैं, राजेन्द्र पुत्र श्री औमप्रकाश निवासी रोहतक गेट राजपूत धर्मशाला के सामने, भिवानी तहसील व जिला भिवानी बयान करता हूं कि मेरी लड़की मोनू पत्नी श्री धर्मेन्द्र मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, सज्जन सिंह पुत्र श्री श्योराम निवासी मिसरी तहसील व जिला चरखी दादरी बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सुरेन्द्र व पुत्रवधु मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं अपने पुत्र सुरेन्द्र को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**खबर संक्षेप**

### पवन शर्मा की माता के निधन पर शोक जताया

**बाढडा।** गांव काकडोली हटी निवासी भूतपूर्व सैनिक फूलसिंह शर्मा की धर्मपत्नी छोटा देवी आयु 74 वर्ष का आज आकस्मिक निधन हो गया। छोटा देवी अपने सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और धार्मिक प्रवृति के लिए पूरे क्षेत्र में जानी जाती थीं। उन्होंने अपने जीवन में सदैव लोगों को आपसी प्रेम, सहयोग और मानवीय मूल्यों का संदेश दिया। उनका जीवन संघर्ष, सेवा और भक्ति का अनुपम उदाहरण रहा। बाढ़ड़ा के पत्रकार पवन शर्मा की माता जी के निधन से न केवल परिवार बल्कि पूरे गांव और क्षेत्र ने एक स्नेही, मार्गदर्शक और प्रेरणास्त्रोत व्यक्तित्व को खो दिया है।

### क्रांति की ज्वलंत मशाल है खुदीराम बोस की शहादत

**तोशाम।** देश के आजादी आंदोलन की गैर-समझौतावादी धारा के महान क्रांतिकारी योद्धा, प्रथम शहीद खुदीराम बोस के 115वें शहादत दिवस पर शहीद और महापुरुष यादगार कमेटी के तत्वावधान में सोमवार को तोशाम में जूई मार्ग पर आरा मंडी में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में मौजूद लोगों ने इंकलाब जिंदाबाद, शहीद खुदीराम बोस अमर रहे, 11 अगस्त को राष्ट्रीय दिवस घोषित करो, खुदीराम बोस के जीवन-संघर्षों को पाठ पुस्तकों में शामिल करो, खुदीराम बोस की धरती पर सबको शिक्षा सस्ती शिक्षा देना होगा, शहीद खुदीराम बोस की धरती पर धर्मनिरपेक्ष को लेकर नारे लगाए।

### प्रश्नोत्तरी व राखी बनाओ प्रतियोगिता हुई

**तोशाम।** सोमवार को चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर मंजीत सिंह के निर्देशानुसार संस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रो. सुशील के द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व राखी बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन प्रो. मीनू कुमारी के द्वारा किया गया। प्रश्नोत्तरी में क्विज मास्टर बीए प्रथम वर्ष की मुस्कान ने किया। जिसमें मोनिका व राधिका की टीम बी ने प्रथम, टीम डी संजू व निकिता द्वितीय और टीम सी भारती और शीतल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी कड़ी में राखी बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वर्षा, द्वितीय स्थान पर प्रिया रही।

## भीम स्टेडियम में अंडर-11 व अंडर-14 लड़कियों की स्कूली खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

# पहले दिन खो-खो में बवानी खेड़ा प्रथम कुश्ती में भिवानी की रीतिका ने बाजी मारी

प्रतियोगिता में 31 विभिन्न इवेंट्स में खिलाड़ी दिखा रहे अपना दमखम

अंडर-11 वर्ग की खो-खो में कैरू व भिवानी के बीच फाइनल 12 अगस्त को खेला जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी





भिवानी। खो-खो मैच में अंक लेने का प्रयास करते खिलाड़ी व विजेताओं को पदक पहनाकर सम्मानित करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

भीम स्टेडियम में सोमवार को अंडर-11 व अंडर-14 आयु वर्ग की लड़कियों की दो दिवसीय स्कूली खेल प्रतियोगिता का भव्य आगाज हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे उप जिला शिक्षा अधिकारी शिवकुमार तंवर ने किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में स्टेट अवॉर्डी प्राचार्य पवन शास्त्री और कोच सत्यवान मौजूद रहे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र भारद्वाज की देखरेख और ओवरऑल इंचार्ज डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 31 खेल इवेंट करवाए जा रहे हैं। इनमें तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, साइकिलिंग, स्केटिंग, फुटबॉल, जिम्नास्टिक, हैंडबॉल, हॉकी, जूडो, स्विमिंग, शूटिंग, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, वॉलीबॉल, शतरंज, क्रिकेट, कबड्डी, कराटे, खो-खो, नेटबॉल, योगा सहित विभिन्न खेल शामिल हैं। इस मौके पर मुख्यअतिथि उप जिला शिक्षा अधिकारी शिवकुमार तंवर ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना, उनकी प्रतिभा को निखारना और राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार करना है। पहले दिन विभिन्न खेलों में जोश और उत्साह के साथ मुकाबले शुरू हुए, जिनमें खिलाड़ी अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता दिखाने के लिए मैदान में उतरे तथा सभी ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू ने बताया कि अंडर-14 आयु वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में बवानी खेड़ा प्रथम तो भिवानी द्वितीय रहा। वही अंडर 14 वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में बवानी खेड़ा प्रथम तो तोशाम द्वितीय रहा। अंडर-11 वर्ग की खो-खो में कैरू व भिवानी के बीच फाइनल 12 अगस्त को खेला जाएगा। विनोद पिंकू ने बताया कि अंडर-11 आयु वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिता में 24 किलोग्राम भार वर्ग में रीतिका भिवानी, 26 किलोग्राम में अक्षरा बवानीखेड़ा, 32 किलोग्राम में दिशी भिवानी, 34 किलोग्राम भार वर्ग में रोनिका भिवानी विजेता रही।

### ये रहे प्रतियोगिता के कन्वीनर

प्रतियोतगता में जोगेंद्र सिंह, राजेश्वर, अनिल सांगवान, प्रदीप, सुधीर, राजेश, सतेंद्र, पवन फौगाट, लाजपत, महा सिंह, सुनील, रविंद्र, जयवीर, सुशील, अनिता खेड़ा, बबीता, मनोज, मुकेश कुमार, सुखदेव, विनोद, प्रविंद्र, मदन गोपाल, अजय, मुनेश कुमार, अरविंद, प्रवीण, सुनील, नसीब सिंह, राजेश, गजानंद, शिव कुमार, डा. सुरेंद्र सिंह, पवन शास्त्री, सत्यवान कन्वीनर रहे।

### डीआरके आदर्श विद्या मंदिर ने मारी बाजी

**चरखी दादरी।** डीआरके आदर्श विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा और मेहनत का शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय के गौरव को बढाया हैं। झोझूकलां में आयोजित खो-खो प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने अंडर 11 आयु वर्ग में प्रथम स्थान व अंडर 17 में तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कबड्डी प्रतियोगिता में लड़कियों ने तृतीय स्थान व अंडर-17 में दूसरा स्थान प्राप्त किया। टग ऑफ वार में अंडर-11 में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। योगा में अंडर14 में विधि, रिया व हिमानी का जिला स्तर पर चयन हुआ है। छठी कक्षा की स्नेहल ने तीरंदाजी में जिला स्तर में द्वितीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय के नाम को रोशन किया व राज्य स्तर के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया।



## ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देंगे : आरती राव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव

- ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में बड़ा कदम
- 3 करोड़ की लागत से बनेंगे उप-स्वास्थ्य केंद्र

सरकार की "स्वस्थ गांव, सशक्त समाज" की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए भिवानी जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 13 जुलाई को जिला भिवानी के गांव चंदावास, भेरा, खानक, इंदीवाली, मंढाना और मंढान में 6 नए उप-स्वास्थ्य केंद्रों की शिलान्यास किया गया था, इन भवनों का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। इन भवनों के निर्माण कार्य के लिए टेंडर अलॉट कर दिए गए हैं। इन भवनों का निर्माण तीन करोड़ 33 लाख की लागत से निर्माण कार्य जिला परिषद द्वारा शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा, ताकि जल्द से जल्द ग्रामीण जनता को इन सुविधाओं का लाभ मिल सके। ये जानकारी देते हुए प्रदेश कि स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि सरकार ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और आधुनिक बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा, "हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी नागरिक को प्राथमिक चिकित्सा या मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के लिए लंबी दूरी तय न करनी पड़े। नए उप-स्वास्थ्य केंद्र इस दिशा में एक मजबूत आधारशिला साबित होंगे। मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य व्यवस्था में एक क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। उन्होंने बताया कि इन उप-स्वास्थ्य केंद्रों में न केवल सामान्य बीमारियों का उपचार होगा, बल्कि नियमित टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की विशेष देखभाल, नवजात और शिशुओं की स्वास्थ्य जांच, पोषण संबंधी परामर्श, योगा और अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही यहां पर आवश्यकतानुसार छोटी आपातकालीन सेवाएं और प्राथमिक उपचार सुविधाएं भी दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य में चल रही 'स्वस्थ गांव, सशक्त समाज' योजना के अंतर्गत न केवल नए भवन बनाए जा रहे हैं, बल्कि पुराने स्वास्थ्य केंद्रों के नवीनीकरण और उपकरणों के आधुनिकीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### समय और धन की बचत होगी

आरती सिंह राव ने कहा, "ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण और समय पर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाएं जीवनरक्षक सिद्ध हो सकती हैं। इन केंद्रों के बन जाने से लोगों को जिला अस्पतालों या दूरस्थ चिकित्सा संस्थानों तक जाने में लगने वाले समय और धन की बचत होगी। इससे स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में समानता आएगी और ग्रामीण स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार होगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विस्तार के साथ-साथ मानव संसाधन को भी सुदृढ़ कर रही है।

## टीम ने 20 साल बाद क्वालीफाई किया

- भारतीय महिला फुटबॉल टीम में खेल रही अलखपुरा की पूजा जाखड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानी खेड़ा





अपनी कोच सोनिका बिजारणीया के साथ म्यामांर में फुटबाल खेलने वाली खिलाड़ी पूजा जाखड़।

क्षेत्र के गांव अलखपुरा में जन्मी पूजा जाखड़ के फाइनल में एक गोल करने के कारण भारतीय महिला फुटबॉल टीम अंडर-20 ने 20 साल बाद क्वालीफाई किया है। जानकारी देते हुए अलखपुरा की महिला फुटबॉल कोच सोनिका बिजारणिया ने बताया कि 5 अगस्त से 10 अगस्त तक म्यांमार मे एफसी फुटबॉल क्लब द्वारा मैचों का आयोजन किया गया था जिसमें भारतीय टीम ने भी हिस्सा लिया था वहीं महिला कोच ने बताया कि भारतीय टीम में शामिल एकमात्र अलखपुरा की महिला खिलाड़ी पूजा जाखड़ ने शानदार प्रदर्शन किया है।

म्यांमार में हुए महिला अंडर 20 फुटबॉल खेलों में गांव की एक होनहार खिलाड़ी पूजा जाखड़ जो कि भारतीय टीम में शामिल थी। उसने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करके भारतीय महिला फुटबॉल टीम को 20 साल बाद क्वालीफाई राउंड में पहुंचाया है। सोनिका ने बताया कि भारतीय टीम का पहला मैच इंडोनेशिया के साथ हुआ जो की बहुत ही संघर्षपूर्ण रहा जिसमें दोनों टीमें बराबर रही। कोच ने हीं बताया कि दूसरा मैच तुर्कमेनिस्तान की टीम के साथ मैच हुआ, जिसमें भारतीय महिला टीम ने 7-0 से विरोधी टीम को पराजित किया। वहीं इस मैच में पूजा जाखड़ ने एक गोल किया तथा महिला टीम ने फाइनल में जगह बनाई। 10 अगस्त को हुए फाइनल मैच में आयोजन कर्ता म्यांमार के साथ मैच बहुत ही संघर्ष पूर्ण रहा। जिसमें अंत में 27 वें मिनट में पूजा जाखड़ ने एक गोल दाग कर अपनी भारतीय महिला टीम को विजई बनाया।

## 15 अगस्त को हर घर पर फहराएं तिरंगा : विरेंद्र

- भिवानी में जोश के साथ निकाली गई तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। तिरंगायात्रा के दौरान शहीद की प्रतिमा को माला पहनाते हुए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्व भर में मजबूत अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। वैश्विक तौर पर भारत की स्थिति आज ऐसी है कि भारत को दुनिया की कोई ताकत झुका नहीं सकती। प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारत अपने वीर सेनानियों और बलिदानियों के बताए संप्रभता के रास्ते पर स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ रहा है। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने शहीदों के सम्मान में सोमवार को भिवानी में निकाली गई तिरंगा यात्रा में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कही। पूर्व मंत्री एवं भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ के नेतृत्व में सोमवार को निकाली गई तिरंगा यात्रा की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने की। यह तिरंगा यात्रा नेहरू पार्क स्थित शहीद स्मारक से शहीदों को नमन करने से शुरू होकर देशभक्ति के गीतों से ओत-प्रोत गीत गाते हुए विभिन्न मुख्य चौराहों व बाजारों से होती हुई लोहड़ बाजार में संपन्न हुई। इसमें ना केवल भाजपा कार्यकर्ता, बल्कि जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों व विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य उद्देश्य 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर घर-घर तिरंगा फहराना सुनिश्चित करना है तथा यह तिरंगा यात्रा प्रत्येक जन को स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों पर तिरंगा फरहाने के लिए प्रेरित करेगी। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संदीप श्योराण, ठाकुर विक्रम सिंह, शंकर धूपड़, मीना परमार, रविंद्र बापोड़ा, जिला महामंत्री रमेश पचेरवाल, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप प्रजापति, राजेश जांगड़ा, लोकेश बंटी, डा. इतेंद्र अत्री, शालू अरोड़ा, चंदा गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी राकेश मिश्रा, मंडल अध्यक्ष शिवराज बागड़ी, नविता तंवर, शकुंतला प्रधान, रामबिलास अत्री, सुनील तलेजा, मुकेश प्रजापति, मंजू कथूरिया, सुशीला देवी, विशाल जीत सिंह, राहुल नरेंद्र मौजूद रहे।

### राधाकृष्ण चौथी बार बने हनुमान सेवा समिति के प्रधान



**भिवानी।** अशोका कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में श्रीहनुमान सेवा समिति का द्विवार्षिक चुनाव ईश्वरदास धमीजा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें राधा कृष्ण चावला को चौथी बार प्रधान चुना गया। चावला के नाम का प्रस्ताव सुनील सचदेवा उर्फ कालू ने रखा और किसी भी सदस्य का विरोध न होने पर चुनाव अधिकारी पूर्व पार्षद अशोक कामरा ने सर्वसम्मति से राधा कृष्ण चावला को प्रधान घोषित किया। उन्होंने अपनी कार्यकारिणी गठित करने का भी अधिकार दिया। चावला ने सभी सदस्यों का चौथी बार विश्वास जताने के लिए आभार जताया। बैठक का संचालन सचिव जगन्नाथ गम्भीर ने किया। चावला ने अपने विवेक से रोहतास सिंगल एवं ईश्वरदास धमीजा को उपप्रधान, जगन्नाथ गंभीर एवं पंकज ढींगड़ा को सचिव, अशोक वोहरा एवं दीपक नरूला को कोषाध्यक्ष, सुनील सचदेवा को सलाहकार, अशोक कामरा को ऑर्गेनाइजर, दीपक शर्मा, किशन डोगरा एवं मुकेश सचदेवा को कार्यकारिणी सदस्य मनोनित किया। वहीं सोमप्रकाश चावला को ऑडिटर की जिम्मेवारी सौंपी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## तिरंगा अभियान से लोगों को जोड़ें : रीतिक

- भारतीय फिल्म उद्योग मुंबई के सक्रिय सदस्य कौशिक को भेंट किया राष्ट्रीय ध्वज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। भारतीय फिल्म उद्योग मुंबई के सक्रिय सदस्य एवं रंगमंच के कलाकार रोहित कौशिक को तिरंगा भेंट करते भाजपा नेता रीतिक वधवा। फोटो : हरिभूमि

हर घर तिरंगा अभियान केवल झंडा फहराने का आयोजन नहीं, बल्कि जन-जन में राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करने का जन आंदोलन है, ये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में लगातार चौथी बार शुरू हुआ है और इसने राष्ट्र चेतना को सशक्त अभिव्यक्ति दी है, उक्त शब्द हर घर तिरंगा अभियान के तहत भारतीय फिल्म उद्योग मुंबई के सक्रिय सदस्य एवं रंगमंच के कलाकार रोहित कौशिक को राष्ट्रीय ध्वज भेंट करते हुए भाजपा नेता रीतिक वधवा ने कहे। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान और हर हाथ में स्वदेशी उत्पाद का मंत्र, आत्मनिर्भर भारत की भावना को जमीन पर उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अभियान से जुड़कर अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराएं, उसके साथ सेल्फी लें, लोगों को इससे जोड़ें और स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर स्थानीय शिल्प को प्रोत्साहन दें। इस अवसर पर भारतीय फिल्म उद्योग मुंबई के सक्रिय सदस्य एवं रंगमंच के कलाकार रोहित कौशिक व संदीप यादव उपस्थित रहे।

## शिकायतों को प्राथमिकता से निपटाएं

- बरसात के मद्देनजर बरसाती पानी निकालने का प्रबंध सुनिश्चित करें : डॉ. विरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



चरखी दादरी। समाधान शिविर में समस्या सुनते सीईओ डॉ. विरेंद्र।

जिले के सभी अधिकारी समाधान शिविर में आई शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता से करें। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। बरसात के मद्देनजर बरसाती पानी निकालने का प्रबंध सुनिश्चित करें। सीईओ जिला परिषद डॉ. विरेन्द्र सिंह व सीटीएम प्रीति रावत ने सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में समाधान शिविर में नागरिकों की जनसमस्याओं को सुना और अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की सार्वजनिक व व्यक्तिगत शिकायतों का सरकारी आदेशानुसार प्राथमिकता से निदान किया जा रहा है। उपायुक्त मुनीश शर्मा के मार्गदर्शन में जिला व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक लगाए जा रहे समाधान शिविरों में लोगों की शिकायतों का समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। समाधान शिविर में नागरिक परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, और अन्य सरकारी योजनाओं तथा पुलिस विभाग के अलावा बिजली, पानी, सीवरेज, खेतों में बरसाती पानी निकालने व अवैध कब्जों से संबंधित शिकायतों का समाधान करने के निर्देश दिए।

### तिरंगा यात्रा को लेकर जबरदस्त उत्साह

**बहल।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं बहल के पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल ने कहा कि लोहारू विधानसभा की 13 अगस्त को सिवानी में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में जोरदार उत्साह बना हुआ है। तिरंगा यात्रा में लोहारू विधानसभा के चारों मंडलों लोहारू, बहल, सिवानी व ढिगावा मंडल से भारी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेकर शहीदों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करेंगे। वे सोमवार को तिरंगा यात्रा की तैयारियों के लिए कार्यकर्ताओं को निमंत्रण दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में स्वतंत्रता दिवस पर आजादी का जश्न मनाने के लिए हर भारतीय जोश से लबरेज है। लोहारू विधानसभा के लोग भी इस जश्न में भागेदारी के लिए एकजुट है।

### 'मुकेश के मुरीद' ने पंचायत भवन में किया कार्यक्रम का आयोजन

# संगीतमयी संध्या ने रचा भावनाओं का अनोखा संसार

- कार्यक्रम केवल गीतों की प्रस्तुति भर नहीं, बल्कि भावनाओं और स्मृतियों का एक जीवंत उत्सव बन गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। मुकेश के मुरीद संगीतमयी संध्या में गीत प्रस्तुत करते कलाकार।

पिछले करीब 18 वर्षों से अपने वार्षिक संगीत समारोह के माध्यम से श्रोताओं को सुरों की दुनिया में झंकृत करने वाली संस्था 'मुकेश के मुरीद' ने पंचायत भवन में महान पार्श्वगायक स्वर्गीय मुकेश की पावन स्मृति में भव्य संगीतमयी संध्या का आयोजन किया। संध्या में प्रतिष्ठित कलाकारों ने अमर गायक मुकेश के सदाबहार गीतों की स्वर-यात्रा के माध्यम से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम केवल गीतों की प्रस्तुति भर नहीं, बल्कि भावनाओं और स्मृतियों का एक जीवंत उत्सव बन गया। इस संध्या में मुकेश के लोकप्रिय गीतों को चार अलग-अलग ग्रुपों ए, बी, सी और डी में कलाकारों ने गाया।

### एकल महिला गायन श्रेणी में सिमरन कौर प्रथम

प्रत्येक ग्रुप में 6-6 गायक/गायिकाएं शामिल थी। निर्णायक मंडल के निर्णय के अनुसार प्रथम आने वाले ग्रुप सी में महेश, तेजेन्द्र, नीरज, शीतल, प्रीति, विनोद/सिमरन शामिल थे। ग्रुप बी ने द्वितीय, ग्रुप डी ने तृतीय तथा ग्रुप ए ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। एकल महिला गायन श्रेणी में सिमरन कौर ने एक राधा एक मीरा गीत से सभी को मंत्रमुग्ध कर प्रथम स्थान हासिल किया। पुरुष गायन श्रेणी में शंकर भारद्वाज ने वास्ता ही नहीं रहा गीत से निर्णायकों का दिल जीतकर प्रथम स्थान जीता। वहीं दर्शकों की पसंद के आधार पर प्रेरणा कौशिक को बेस्ट सिंगर घोषित किया। विजेताओं को मंच पर सम्मानित किया। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर श्याम वशिष्ठ, गायक सोमबीर कथुरवाल और तरसेम लाल शर्मा शामिल रहे, जिन्होंने सभी प्रस्तुतियों का बारीकी से मूल्यांकन कर विजेताओं का चयन किया। इस अवसर पर मुख्यतिथि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश कुलदीप तिवारी ने कार्यक्रम की सराहना की। संस्था अध्यक्ष डॉ. शिवकांत शर्मा ने बताया कि यह आयोजन केवल सांस्कृतिक नहीं, बल्कि पीढ़ियों को जोड़ने वाला भावनात्मक प्रयास है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सेशन जज भिवानी डीआर चालिया ने संगीत को साधना बताया और कहा कि गायक मुकेश महान स्वर साधक थे।